सं.16015/1/2022-पीएमआई

भारत सरकार

रसायन और उर्वरक मंत्रालय

उर्वरक विभाग

*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 22 मार्च, 2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए माह फरवरी, 2024 के मासिक सार के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को माह फरवरी, 2024 के संबंध में उर्वरक विभाग का मासिक सार एतदद्वारा सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

Anisha 22/03

(अनिशा गौहर)

सहायक निदेशक (पीएमआई-II)

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
2. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
3. सचिव (उर्वरक) के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
4. अनुभाग अधिकारी (आईटी) को उर्वरक विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

विषय: माह फरवरी, 2024 के संबंध में उर्वरक विभाग का मासिक सार।

**1. माह के दौरान समग्र उत्पादन निष्पादन:**

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

| उत्पाद का नाम | माह के दौरान उत्पादन | इस माह तक संचयी उत्पादन |
|---|---|---|
| यूरिया | 23.32 | 289.13 |
| डीएपी | 3.07 | 40.74 |
| अमोनियम सल्फेट (ए/एस) | 0.49 | 5.81 |
| मिश्रित उर्वरक | 6.75 | 88.60 |
| सिंगल सुपर फॉस्फेट | 2.97 | 41.33 |

स्रोत: dbtfert.nic.in 06.12.2023 की स्थिति के अनुसार

**2. माह के दौरान उर्वरकों की आकलित आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री:**

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

| उत्पाद का नाम | आकलित आवश्यकता | उपलब्धता | बिक्री |
|---|---|---|---|
| यूरिया | 21.59 | 93.24 | 24.62 |
| डीएपी | 3.69 | 19.22 | 3.34 |
| एमओपी | 1.43 | 8.07 | 1.28 |
| एनपीके | 8.02 | 42.27 | 6.70 |

आंकड़ों का स्रोत डैशबोर्ड है।

**3. माह के दौरान आयातित तैयार उर्वरकों का ब्यौरा:**

| उत्पाद का नाम | मात्रा 'लाख मी.टन' में |
|---|---|
| यूरिया | 2.34 |
| कृषि उपयोग हेतु एमओपी | 0.42 |
| डीएपी | 2.22 |
| एनपीके | 1.62 |

**4. फरवरी 2024 के दौरान तालचेर उर्वरक परियोजनाओं की वृद्धिशील प्रगति:**

**(क) <u>तालचेर इकाई को पुनर्जीवित करना:</u>**

भारत सरकार ओडिशा के अंगुल जिले में स्थित मेसर्स एफसीआईएल की तालचेर इकाई को पुनर्जीवित करने के लिए अधिदेशित है। तदनुसार, 12.7 एलएमटीपीए क्षमता के कोयला गैसीकरण-आधारित अमोनिया यूरिया संयंत्र की स्थापना के लिए तालचेर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी निगमित की गई है, जो भारत में अपनी तरह की पहली है। इस संयंत्र की आधारशिला माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 17 फरवरी, 2019 को रखी गई थी। टीएफएल में गेल, आरसीएफ और सीआईएल प्रत्येक की साम्या 31.85% है और एफसीआईएल की साम्या 4.45% है।

**(ख). <u>माह फरवरी, 2024 के दौरान टीएफएल संयंत्र के प्रमुख कार्यकलाप और उपलब्धियां निम्नलिखित हैं:-</u>**

i. **निर्माण संबंधी गतिविधियां:**

**क.** साइट पर **कोयला गैसीफायर के सभी उपकरण प्राप्त** हुए और पहली एवं दूसरी मंजिल के सभी 28 कॉलमों को स्थापित किया गया। अपरिष्कृत जल शोधन संयंत्र, डिमिनरलाइज्ड वाटर (डीएम) संयंत्र में उपकरण स्थापित करने सहित **सिविल कार्य पूरा** हो गया है। इसके अतिरिक्त, अमोनिया टैंक-बी बॉटम इंसुलेशन किया गया है। प्रिलिंग टॉवर क्षेत्र में पिलिंग कार्य और फाउंडेशन कार्य पूरा हो गया है। **प्रिलिंग टॉवर का निर्माण 66 मीटर तक पूरा हो गया है।**

ख. इसके अतिरिक्त, ब्राह्मणी नदी से 13 कि.मी. पाइपलाइन बिछाने के प्रस्तावित कार्य में से माह के दौरान 0.5 कि.मी. तक बिछाने का कार्य पूरा हो गया है और फरवरी, 2024 तक कुल 4.5 कि.मी. का कार्य पूरा हो गया है।

ii **<u>मानव संसाधन संबंधी गतिविधियां :</u>**

क. 32 चयनित अभ्यर्थियों में से 15 नए भर्ती अभ्यर्थियों ने टीएफएल को ज्वाइन किया है। अन्य सभी चयनित अभ्यर्थियों के 15.04.2024 तक ज्वाइन करने की संभावना है। जहां तक साइट पर ठेका कामगारों की संख्या का संबंध है, इनकी कुल संख्या 3000 से अधिक है और वे लगातार कार्य कर रहे हैं।

iii. **<u>महत्वपूर्ण निविदा पैकेजों संबंधी प्रगति</u>** : वर्ष 2022 से लंबित कई महत्वपूर्ण पैकेजों की समस्या के समाधान के बाद शीघ्र निपटान कर दिया गया है। इनमें से कुछ हैं-

क. रेलवे साइडिंग कार्यों के संबंध में, 'चरण- I के लिए ओवरहेड उपकरण' 15.03.2024 तक उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

ख. ओवरहेड उपकरण (रेलवे के अलावा चरण 1 के लिए ओएचई)- निविदा 30.12.2023 को जारी की गई और 22.03.2024 तक वित्तीय बोलियां खोली जाएंगी।

ग. ग्रिड पावर टेंडर पैकेज-1, स्विचिंग सबस्टेशन, जीआईएस और ट्रांसफार्मर के लिए बोलियां प्राप्त हो गई हैं और 22.02.2024 को खोली गई हैं। इसके अतिरिक्त, ग्रिड पावर टेंडर पैकेज-2, ट्रांसमिशन लाइन के लिए निविदा जारी की गई थी। 27.02.2024 को 3 बोलियां खोली गईं।

iv. **टीएफएल परियोजना की समग्र प्रगति इस प्रकार है: -**

| | | |
|---|---|---|
| क) जनवरी,2024 तक परियोजना की समग्र प्रगति | : | 55.57% |
| ख) फरवरी,2024 के दौरान वृद्धिशील प्रगति | : | 1.32% |
| ग) फरवरी,2024 तक समग्र प्रगति | : | 56.89% |

v. **टीएफएल परियोजना में आरसीएफ द्वारा अतिरिक्त इक्विटी निवेश की मंजूरी के संबंध में सीसीईए का अनुमोदन:** सीसीईए ने 21.02.2024 को आयोजित अपनी बैठक में टीएफएल परियोजना में आरसीएफ और सीआईएल द्वारा 2169.67 करोड़ रुपये (± 10%) के कुल इक्विटी निवेश को मंजूरी दी, जबकि पहले 1184.20 करोड़ रुपये का इक्विटी निवेश हुआ था।

**5. व्यय की स्थिति:**

वित्त वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान 2023-24 के लिए 179128.48 करोड़ रुपए की कुल उपलब्ध बजट की तुलना में 192479.29 करोड़ रुपए के संशोधित अनुमान को अतंरिम बजट में अनुमोदित किया गया है, जिसमें से फरवरी 2024 के दौरान उर्वरक सब्सिडी के प्रशासन पर 9615.25 करोड़ रुपये (यूरिया: 9119.27 करोड़ रुपये, पीएण्डके: 492.65 करोड़ रुपए, स्थापना: 3.28 करोड़ रुपये तथा पूँजीगत व्यय: 0.05 करोड़ रु.) का व्यय हुआ। अप्रैल 2023 से फरवरी 2024 के दौरान 180707.00 करोड़ रुपये (यूरिया: 120609.74 करोड़ रुपये और पीएंडके: 60054.09 करोड़ रुपये, स्थापना: 38.16 करोड़ रुपए, डीबीटी 3.67 करोड़ रु. तथा पूँजीगत व्यय : 1.34 करोड़ रु.) अर्थात कुल आवंटन के लगभग **92.44%** का क्रमिक व्यय हुआ।

*****